क्रमांक **8**

छत्तीसगढ़ विधान सभा

पत्रक भाग –दो

गुरूवार, दिनांक 03 मार्च, 2022 (फाल्गुन 12, 1943)

<u>कोरोना कोविड-19 संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक व्यवस्था।</u>

विधान सभा का आगामी सत्र सोमवार, दिनांक 07 मार्च, 2022 से शुक्रवार, दिनांक 25 मार्च, 2022 तक आहूत किया गया है। कोरोना संक्रमण के मद्देनजर मार्च, 2022 सत्र में निम्नलिखित बिन्दुओं का पालन सुनिश्चित करने की अपेक्षा है :–

1. माननीय मंत्रीगण, माननीय संसदीय सचिव एवं माननीय सदस्यों के पी.एस.ओ. एवं फालो पायलट वाहन का विधान सभा परिसर में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।
2. माननीय मंत्रीगण, माननीय संसदीय सचिव एवं माननीय सदस्य के साथ केवल एक स्टॉफ को विधान सभा परिसर में प्रवेश की अनुमति होगी।
3. सभी माननीय सदस्यों से अपेक्षा है कि वे मास्क लगाकर ही विधान सभा में प्रवेश करें।
4. सदन की बैठक प्रारंभ होने के पूर्व माननीय सदस्यों का टेम्प्रेचर एवं ऑक्सीजन लेवल की जांच की जाएगी, अतः सभी से अनुरोध है कि कृपया पर्याप्त समय पूर्व विधान सभा पहुंचने का कष्ट करें।
5. सभी माननीय सदस्य कोरोना संक्रमण के मद्देनजर केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें ।

चन्द्र शेखर गंगराड़े
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा